# संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों की हड़ताल

## केली में स्टॉफ नहीं होने से नवजात की मौत का आरोप



नवभारत न्यूज

**खरगोन, निप्र ।** जिले में 2 जून से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत कार्यरत 980 संविदा स्वास्थ्य अधिकारी- कर्मचारी अनिश्चित कालीन हड़ताल पर हैं। इससे जिले की स्वास्थ्य सेवाएं गंभीर रूप से प्रभावित हुई हैं। विभागीय दावों के विपरीत, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, उप-स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और जिला अस्पताल सहित सभी डिलीवरी पॉइंट पर कार्य ठप है।

ऐसा इसलिए क्योंकि अधिकांश कार्य संविदा कर्मचारियों द्वारा ही किया जाता है। हड़ताल के बीच सेगांव के केली डिलीवरी पॉइंट पर स्टॉफ नहीं होने के चलते एक नवजात की मौत का मामला भी सामने आया है। ग्राम छोटी भड़वाली निवासी रेखा के शिशु की मृत्यु हो गई। रेखा ने आरोप लगाया कि अस्पताल में कोई कर्मचारी मौजूद नहीं था। शिशु की मृत्यु के कारण की पुष्टि अभी नहीं हुई है।

### 10 से अधिक सेवाएं प्रभावित

हड़तालरत संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ जिलाध्यक्ष ममता हिरवे ने बताया इस हड़ताल से मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं, गर्भवती माताओं का पंजीकरण व देखभाल, नियमित टीका करण सामान्य ओपीडी जांचें, टीबी मरीजों की जांच व दवा वितरण, औषधि वितरण तथा जन्म-मृत्यु प्रमाण-पत्र जैसे महत्वपूर्ण कार्य पूरी तरह ठप हैं। मेडिकल वार्ड, टीबी विभाग, एसएनसीयू, एएनसी वार्ड, लेबर रूम जैसी इकाइयां भी प्रभावित हैं। जिले के नौ पोषण पुनर्वास केंद्रों में बच्चों की देखभाल व उपचार सेवाएं भी प्रभावित हुई हैं। संविदा स्वास्थ्य संगठन की जिला अध्यक्ष श्रीमती हिरवे ने बताया कि उनकी मांग है कि सरकार जल्द से जल्द घोषित नीतियों के तहत उनकी लंबित मांगों का निराकरण करें, ताकि आमजन को स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित न होना पड़े और ऐसी दुखद स्थितियां दोबारा न हों।

**ग्रामीणों में आक्रोश, सीएम हेल्प लाईन पर पहुंची शिकायतें:-** स्टॉफ की अनुप स्थिति के बीच हुई नवजात की मौत के बाद स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश देखा जा रहा है। करीब एक दर्जन से अधिक शिकायतें सीएम हेल्पलाईन पर करने की जानकारी भी मिली है। केली प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में कुल सात में से छह संविदा कर्मचारी हड़ताल पर हैं, जिससे पूरा डिलीवरी पॉइंट अकेली एएनएम सुमन डावर के भरोसे चल रहा है।

# कसरावद में अवैध शराब माफिया के खिलाफ लगातार कार्रवाई



**कसरावद, निप्र ।** कलेक्टर भव्या मित्तल के आदेश और सहायक आबकारी आयुक्त निर्देश पर अवैध मदिरा विक्रेताओं के विरुद्ध लगातार विशेष अभियान जारी है। इसके तहत आबकारी जिला-खरगोन के वृत्त प्रभारी अधिकारी आबकारी नियंत्रण कक्ष सजेंद्र मोरी के मार्गदर्शन में अवैध मदिरा विक्रेताओं की निगरानी जारी है।

जानकारी अनुसार रात्रि गश्त में मुखबिर सूचना पर ग्राम भोपाल के पास ग्राम साड़ली के पास मोटर साइकिल क्रमांक MP10MF8048 पर से दो प्लास्टिक के बड़े बोरियो में से चार पेटी लेमाउंट बियर के 96 नग (48 बल्क लीटर विदेशी मदिरा बियर) तथा तीन पेटियों में देशी मदिरा प्लेन पाव 150(27 बल्क लीटर देशी मदिरा) नग बरामद हुए। कुल 75 बल्क लीटर अवैध मदिरा जब्त की गई। मौके पर विधिवत कार्यवाही कर वृत्त प्रभारी ओमप्रकाश मालवीय आबकारी उपनिरीक्षक द्वारा म.प्र. आबकारी अधिनियम की धारा 34 (1)क 34(2)के तहत कार्यवाही की गई। फरार मोटर साइकिल चालक की तलाश जारी है। उक्त कारवाई में जब्त अवैध मदिरा तथा मोटर साइकिल का बाजार मूल्य लगभग 95000 रुपए है।

# चरित्र शंका में पति ने कुल्हाड़ी से वारकर की पत्नी की हत्या...



**खरगोन, निप्र ।** जिले के ग्राम गलतार में रविवार- सोमवार की दरमियानी रात एक महिला की कुल्हाड़ी से जानलेवा वार कर हत्या का मामला सामने आया है। हत्या का आरोप महिला के पति बिशन बड़ोले पर लगा है।

इस हृदय विदारक घटना के बाद ग्राम में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना कर शव को जिला अस्पताल पीएम के लिए भेजा। पीएम रुम पहुंचे परिजनों ने पुलिस को बताया कि बिशन का मृतिका सईदी बाई से दिन में विवाद हुआ था। इसके बाद रात करीब एक बजे बिशन ने कुल्हाड़ी से जानलेवा वार किया। सिर, गले और सीने पर गहरे घाव होने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। एएसआई सुदामा मोरे ने बताया कि सूचना के बाद बिस्टान पुलिस दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचा। पुलिस ने पूरे इलाके का बारीकी से मौका मुआयना किया और साक्ष्य जुटाए। घटना को अंजाम देने के बाद से आरोपित पति बिशन फरार है। पुलिस उसकी तलाश में जुट गई है।

## एक नजर में

### 'सुरक्षित भोजन, बेहतर स्वास्थ्य' का संदेश

**खरगोन, निप्र ।** शासकीय कन्या महाविद्यालय, खरगोन में 'विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस' के अवसर पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को सुरक्षित, पौष्टिक एवं मिलावट-रहित भोजन के महत्व से अवगत कराते हुए स्वस्थ जीवनशैली के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य द्वारा किया गया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि 'सुरक्षित भोजन, बेहतर स्वास्थ्य' केवल एक नारा नहीं, बल्कि दैनिक जीवन में अपनाई जाने वाली आवश्यक आदत है। उन्होंने दूषित एवं मिलावटी भोजन से होने वाली बीमारियों के प्रति छात्राओं को सचेत किया। इस अवसर पर डॉ. धमेन्द्र भालसे ने छात्राओं को दूध, मसाले सहित अन्य खाद्य पदार्थों में होने वाली सामान्य मिलावट को घरेलू स्तर पर पहचानने के सरल तरीके बताए। साथ ही भोजन पकाने, परोसने एवं खाने से पूर्व स्वच्छता बनाए रखने पर विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान सभी प्राध्यापकों एवं छात्राओं ने सामूहिक रूप से यह शपथ ली कि वे स्वच्छ एवं सुरक्षित भोजन अपनाएंगी, भोजन को व्यर्थ नहीं फेंकेंगी (अन्न का सम्मान करेंगी) तथा समाज में खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाएंगी।

### खेल प्रतिभाओं को मिलेगा सम्मान

**खरगोन, निप्र ।** प्रदेश के होनहार खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने एवं उनकी उपलब्धियों को सम्मानित करने के उद्देश्य से खेल पुरस्कार-2026 के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। खेल एवं युवा कल्याण विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा एकलव्य, विक्रम, विश्वामित्र, प्रभाष जोशी एवं लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 10 जून 2026 से 31 जुलाई 2026 तक निर्धारित की गई है। पुरस्कार विभाग के नवीन 'पुरस्कार नियम-2021' के अंतर्गत प्रदान किए जाएंगे। इसके लिए खिलाड़ियों द्वारा 01 अप्रैल 2021 से 31 मार्च 2026 की अवधि में अर्जित खेल उपलब्धियों को मान्य किया जाएगा। साथ ही साहसिक खेलों (समुद्र, भूमि एवं वायु आधारित) में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों से भी विक्रम एवं एकलव्य पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। पुरस्कार से संबंधित पात्रता, पुरस्कार राशि एवं अन्य शर्तों की विस्तृत जानकारी विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध है। इच्छुक आवेदक विभागीय पोर्टल के माध्यम से या सीधे dsyw.mp.gov.in anudan. dsywmp.gov.in तथा प्ले स्टोर से 'Anudan App' डाउनलोड कर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### कृष्ण मुरारी मोघे के प्रयासों से किसानों को बड़ी राहत

**बड़वाह, निप्र ।** प्रदेश सरकार प्रदेश के किसानां को कृषि कार्य के लिए सहकारी समितियों और बैंकों के माध्यम से किसानों को जीरो पर्सेंट पर कर्ज देती हैं और किसानों को 31 मार्च तक उस कर्ज को जमा करना रहता है। पिछले दिनों बड़वानी



खरगोन जिले के किसानों ने क्षेत्र के पूर्व सांसद कृष्ण मुरारी मोघे मिलकर कहा कि गेहूं की फसल को सरकार ने 16 अप्रैल से खरीदने की घोषणा की हे इसलिए सरकारी कर्ज जमा करने की तारीख आगे बढ़ाई जाई जाना चाहिए अन्यथा किसानों को पुरे वर्ष का ब्याज देना पड़ेगा ।साथ ही किसानों का कहना था निमाड़ में मक्का की फसल बहुत अधिक बोई जाती हैं इसके लिए नहरों में पर्याप्त मात्रा में पानी छोड़ा जाना चाहिए। किसानों की मांग को लेकर 7 अप्रैल को श्री मोघे ने मुख्यमंत्री मोहन यादव और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमन्त खंडेलवाल से मुलाकात की और गेहू खरीदी जल्दी करने व किसानों के कर्ज जमा तारीख को आगे बढ़ाएं जाने का निवेदन किया था। भाजपा सरकार ने किसानों के हित को देखते हुए गेहूं खरीदी की तय तारीख 16 अप्रैल के बजाय 9 अप्रैल से ही खरीदने का फैसला किया और साथ ही लोन राशि जमा करने की तारीख भी मार्च से बढ़ाकर 30 जुन तक करने की घोषणा की गई।

### 'डॉक्टर साथी एप' : मरीजों और डॉक्टरों के लिए डिजिटल स्वास्थ्य क्रांति का सपना रहा अधूरा

**खरगोन, निप्र ।** आधुनिक तकनीक के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं को सरल, पारदर्शी और जनहितकारी बनाने की सोच के साथ तैयार किया गया 'डॉक्टर साथी ऐप' आज भी एक ऐसा ड्रीम प्रोजेक्ट है, जिसे यदि प्रशासनिक स्वीकृति मिल जाती तो हजारों मरीजों और स्वास्थ्यकर्मियों को प्रत्यक्ष लाभ मिल सकता था। इस महत्वाकांक्षी डिजिटल पहल की परिकल्पना प्रदीप कुमार गांगले द्वारा शासकीय अस्पताल खरगोन सहित दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले मरीजों की समस्याओं को ध्यान में रखकर की गई थी। ऐप का मुख्य उद्देश्य अस्पतालों में लगने वाली लंबी कतारों, अव्यवस्थित व्यवस्थाओं तथा समय की बर्बादी को समाप्त करना था। 'डॉक्टर साथी ऐप' के माध्यम से मरीज अपने मोबाइल फोन से ही ऑनलाइन पंजीयन एवं रोगी कल्याण समिति की फीस जमा कर सकते थे तथा डॉक्टर से मिलने का समय (अपॉइंटमेंट) प्राप्त कर सकते थे। इससे अस्पतालों में भीड़ कम होती और मरीजों को घंटों इंतजार नहीं करना पड़ता ।ऐप की एक विशेषता यह भी थी कि मरीजों को उनकी दवाइयों एवं उपचार संबंधी समय-समय पर मोबाइल पर सूचना और अलर्ट प्राप्त होते। वहीं उनकी स्वास्थ्य संबंधी फाइलें और रिकॉर्ड भी डिजिटल रूप में सुरक्षित रहते, जिससे भविष्य में उपचार प्रक्रिया अधिक सुगम और प्रभावी बन सकती थी। कोविड जैसे संक्रमणकाल के कठिन अनुभवों को देखते हुए इस ऐप की परिकल्पना की गई थी, ताकि भविष्य में किसी भी महामारी या आपदा की स्थिति में मरीजों को अस्पतालों की भीड़ से बचाते हुए घर बैठे स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ा जा सके। इतना ही नहीं, डॉक्टर एवं स्वास्थ्यकर्मी भी अपनी अवकाश संबंधी आवेदन प्रक्रिया को इसी प्लेटफॉर्म के माध्यम से संचालित कर सकते थे। डॉक्टर की अनुपस्थिति की जानकारी भी ऐप पर प्रदर्शित होती, जिससे मरीजों को अनावश्यक परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता। हालांकि इस अभिनव और जनहितैषी परियोजना को साकार करने के लिए लगातार प्रयास किए गए, लेकिन प्रशासनिक स्तर पर अपेक्षित सहमति और समर्थन नहीं मिल सका। परिणामस्वरूप यह महत्वाकांक्षी योजना धरातल पर नहीं उतर पाई।। यदि 'डॉक्टर साथी ऐप' को स्वीकृति मिलती, तो यह न केवल खरगोन जिले बल्कि पूरे प्रदेश के स्वास्थ्य तंत्र के लिए एक मॉडल डिजिटल व्यवस्था बन सकता था। आज भी यह परियोजना इस बात का उदाहरण है कि नवाचार और जनहित की सोच को उचित अवसर एवं समर्थन मिले तो स्वास्थ्य सेवाओं में व्यापक बदलाव संभव है।

# बेटियों ने निभाया बेटे का फर्ज, पिता को दी मुखाग्नि

**सनावद, निप्र।** बदलते समाज में बेटियां आज हर क्षेत्र में बेटों के बराबर कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी हैं। इसका जीता-जागता उदाहरण सनावद में देखने को मिला, जहां तीन बेटियों ने अपने पिता को मुखाग्नि देकर समाज के सामने एक नई और प्रेरणादायक मिसाल पेश की।



सन्मति जैन काका ने बताया की जैन समाज के सदस्य अरुण कुमार जैन का निधन हो गया। उनका कोई पुत्र नहीं था। ऐसे में उनकी तीनों बेटियों प्रेरणा, प्रियंका, प्रिया ने आगे आकर बेटे का फर्ज निभाया। समाज की रूढ़ियों को तोड़ते हुए तीनों बेटियों ने जैन मुक्तिधाम, सनावद में पूरे विधि-विधान से अपने पिता को मुखाग्नि दी। इस अवसर पर समाज अध्यक्ष मनोज जैन ने बताया कि यह कदम समाज के लिए एक संदेश है। आज बेटियां किसी से कम नहीं हैं। वे हर सुख-दुख में अपने परिवार का संबल बन रही हैं। बेटियों के इस साहसिक निर्णय की पूरे समाज में सराहना हो रही है। न.पा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि आशीष चौधरी बताया की यह घटना उन लोगों के लिए सबक है जो आज भी बेटा-बेटी में फर्क करते हैं। बेटियां भी कुल का नाम रोशन करती हैं और जरूरत पड़ने पर हर जिम्मेदारी निभाती हैं।

# जल ही नारायण है इसका सम्मान करें : पं. बृजेश गुरु

**खरगोन, निप्र ।** भगवान विष्णु का पहला अवतार मत्स्य अवतार (मछली) माना जाता है हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार, सृष्टि की रक्षा के लिए भगवान विष्णु ने जल प्रलय के समय यह रूप धारण किया था इसलिए जल ही नारायण है इसका सम्मान करे वैसे वर्तमान समय में पृथ्वी पर उपलब्ध मीठे पानी की मात्रा बेहद सीमित है,इसलिए पानी की एक-एक बूंद अनमोल है इसे व्यर्थ न बहाना और इसका सही उपयोग करना हम सभी का नैतिक कर्तव्य है। आइए, दैनिक जीवन में कुछ सरल आदतों को अपनाकर जल संरक्षण में अपना योगदान दें। पानी की बर्बादी को रोके क्योंकि जल रहेगा तो कल रहेगा।

उक्त उदगार परम पूज्य व्यास गादी से पंडित श्री बृजेश गुरु ने श्री पुरुषोत्तम मास में पानी बचाने की जनजागृति हेतु श्री महामृत्युंजय धाम गांधी नगर में मातृ शक्ति द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत कथा के द्वितीय दिवस व्यक्त किए। आपश्री ने कथा रसपान कराते हुए अपनी मधुर वाणी से राजा परीक्षित के जन्म से लेकर कलयुग तक की कथा का वृतांत सुनाया। संगत दे रहे निमाड़ के सुप्रसिद्ध गायक श्याम केवट की नावड़ा तोड़ी मंडली के सुमधुर सुंदर भजनो की प्रस्तुति पर श्रद्धालु जमकर थिरके। द्वितीय दिवस की कथा श्रवण करने खरगोन की सुप्रसिद्ध कथाकार पूज्या सुश्री कृष्णा दीदी, माधव संगीत महाविद्यालय के कैलाश कानूनगो सपरिवार पधारे। आरती मुख्य यजमान ग. भा. सुधा किशोर सिंह सोलंकी एवं श्रीमती चंदा रवि परसाई द्वारा की गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में मातृशक्ति सहित श्रद्धालु उपस्थित थे।

# ग्रीन गोल्ड कॉलोनी में सजा श्री खाटू श्याम दरबार, संकीर्तन में झूमे भक्त

**खरगोन, निप्र ।** शहर की ग्रीन गोल्ड कॉलोनी में रविवार रात अधिकमास के उपलक्ष्य में एक भव्य संकीर्तन का आयोजन किया गया। इस दौरान भक्ति की ऐसी बयार बही की देररात तक श्याम प्रेमी भक्ति की बयार में श्याम रंग से सराबोर रहे।

संकीर्तन के दौरान श्री खाटू श्याम का मनमोहक और भव्य दरबार सजाया गया, जिसे देखकर उपस्थित भक्त भाव विभोर हो गए। भव्य दरबार में श्री श्याम के साथ प्रथम पूज्य देव गणेश जी एवं हनुमानजी की मनमोहक प्रतिमाएं आस्था का केंद्र रही। रंग-बिरंगी रोशनी और फूलों से सजे इस दरबार ने भक्तों का ध्यान अपनी ओर खींचा। बांके बिहारी मंदिर के संस्थापक श्याम बड़ोले ने अपनी पत्नी संगीता बड़ोले के साथ दिव्य ज्योति प्रज्ज्वलित कर महाआरती की। इसके बाद भजन संध्या का विधिवत शुभारंभ हुआ। गणेश वंदना के साथ ही भजनों की अमृत वर्षा आरंभ हुई। सूरजगढ़ के संजय सेन की प्रस्तुतियों ने सांवरियो सेट्यो है, जो लेनो है जो मग लो।। छायें काली घटाएं तो क्या जैसे भजनों से श्रोताओं को प्रभू भक्ति में ऐसा लीन किया कि महिला-पुरुषों के साथ बच्चे, युवा जयकारे लगाकर झूम उठे। इंदौर के भजन गायक रवि शर्मा ने कीर्तन की है रात बाबा आज थाणे आणु है.., दरबार सांवरिया ऐसो सजो प्यारो.., प्रीत की चादरिया ओढ़ के सांवरिया गाऊ में सांवरे, बिन तुम्हारे जी न पाऊं मैं.. जैसे सुमधुर भजनों से भक्तों को श्री श्याम रंग से सराबोर कर दिया।

आयोजन के दौरान श्री बांके बिहारी, श्री खाटू श्याम सहित सांवरिया सेठ के जयकारों से आयोजन स्थल गुंजायमान होता रहा। भजनों की मनमोहक धुनों पर पूरा माहौल भक्ति और श्रद्धा से ओत.प्रोत हो गया। श्रद्धालु उत्साहपूर्वक भजनों पर नाचते.गाते रहे और प्रभु स्मरण में लीन रहे। इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक और श्रद्धालु शामिल हुए, जिन्होंने संकीर्तन का आनंद लिया और पुण्य लाभ अर्जित किया। आयोजन समिति के श्री बड़ोले ने बताया कि यह आयोजन अधिकमास के पवित्र अवसर पर अध्यात्मिक वातावरण निर्मित करने और धार्मिक उत्साह को बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया था।

# आयुष के शटल ने दिलाया खिताब

**खरगोन, निप्र ।** खेलकुंज स्पोर्ट्स अकादमी द्वारा आयोजित ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में शहर के उभरते शटलर आयुष गुप्ता ने अंडर-17 आयु वर्ग का खिताब जीतकर शहर का नाम रोशन किया। आयुष को खंडवा में 'विनर' ट्रॉफी प्रदान की गई। आयुष के कोच ने खुशी जताते हुए कहा कि आयुष बेहद लगन और अनुशासन के साथ अभ्यास कर रहा है। उसकी तकनीक और कोर्ट पर फुर्ती को देखकर कहा जा सकता है कि वह



जल्द ही नेशनल स्तर पर खंडवा का प्रतिनिधित्व करेगा। इधर, बेटे की इस उपलब्धि पर परिवार में जश्न का माहौल रहा। परिजनों ने आयुष का मुंह मीठा कराया और बधाइयों का तांता लग गया। अकादमी के पदाधिकारियों ने भी आयुष को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# बिस्टान परियोजना से सात गांव में नहीं मिल रहा पानी

**बिस्टान, निप्र ।** जिले की बिस्टान माइक्रो सिंचाई परियोजना से पानी नहीं मिलने से किसान परेशान हैं। सोलना पंप से जुड़े लगभग सात गांव में पानी की आपूर्ति बाधित होने के कारण किसानों में चिंता है। अपनी समस्याओं को लेकर किसान सोमवार को नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण कार्यालय पहुंचे। यहां प्र. कार्यपालन यंत्री एनएस सोलंकी से किसानों ने मुलाकात की। किसानों ने बताया कि सोलना पंप से पर्याप्त पानी नहीं मिलने से उनकी फसलें प्रभावित हो रही हैं। खेतों में पानी की कमी के कारण बुवाई और सिंचाई का कार्य ठीक से नहीं हो पा रहा है, जिससे उपज पर बुरा असर पडने का अंदेशा है। नाराज किसानों का



कहना था कि परियोजना का उद्देश्य ही खेतों तक पानी पहुंचाना है, लेकिन जब उन्हें ही पानी नहीं मिल पा रहा तो ऐसी योजना का लाभ क्या। समय पर पानी नहीं मिला तो उनकी मेहनत और लागत दोनों व्यर्थ हो जाएंगी। कार्यपालन यंत्री श्री सोलंकी ने किसानों की समस्या गंभीरता से सुनने के बाद उन्हें आश्वासन दिया कि जल्द ही शिफ्टवार पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि तकनीकी कारणों या प्रबंधन संबंधी किसी समस्या के कारण पानी की आपूर्ति बाधित हुई होगी, जिसे दुरुस्त किया जाएगा।

# सुप्रसिद्ध पार्श्व गायिका सुमन कल्याणपुर के गीतों को प्रस्तुत कर दी भावपूर्ण गीतांजलि

**बड़वाह, निप्र ।** स्थानीय संगीत संस्था सुर संगम म्यूजिकल ग्रुप द्वारा हाल ही में दिवंगत गायिका पद्म भूषण सुमन कल्याणपुर की स्मृति में 'तुमने पुकारा और हम चले आए', कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें जिले भर से आए गायक कलाकारों ने एक से बढ़कर एक नग्मे पेश किये। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्रुप के संस्थापक सुधीर सेंगर ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। म्यूजिकल ग्रुप के पंकज शर्मा रेखा ओसवाल नें दिवंगत सुमन कल्याणपुर के गाये एकल एवं युगल गीतों की अनेक प्रस्तुतियां दी। कलाकारों ने 'रहे ना रहे हम, नैनों में बदरा छाये, ना ना करते प्यार तुम्ही से कर बैठे, के अलावा उनके युगल गीतों में तुमने पुकारा और हम चले आए, तुझे प्यार करते हैं करते रहेंगे, अगर तेरी जलवा नुमाई ना होती, ना तुम हमें जानो, तेरे मेरे प्यार के चर्चे हर जुबान पर, नगमा सहित लगभग तीन दर्जन प्रस्तुतियां हुई। सिने प्रेमी कपिल तिवारी ने कहा कि भाई बहन के प्यार का प्रतीक रक्षाबंधन पर्व सुमन जी के इन दो गीतों के बगैर अधूरा है बहना ने भाई की कलाई पर प्यार बांधा है, ये राखी बंधन है ऐसा। आगे उन्होंने कहा कि इस गायिका की विदाई से 50 के दशकों के गायको के एक दौर का अंत हो गया है। आयोजन के दौरान मनोज जैन गुलजार लाला, महेश पटेल संजय मालवीय वैभव परिहार सुनील भालसे, मनीष बर्वे श्री राम पटेल नें भी मशहूर नगमे पेश किये। इस गीतांजलि में नगर के अलावा सनावद, कसरावद, खंडवा, इंदौर ओंकारेश्वर महेश्वर के गायक कलाकारों ने भी मोहम्मद रफी किशोर कुमार, मुकेश, अमित कुमार, शब्बीर कुमार, नितिन मुकेश, एवं मोहम्मद अजीज के मशहूर नग्मो की प्रस्तुति दी सभी का आभार प्रवीण शर्मा ने व्यक्त किया।

## एक नजर में

### छात्राओं ने लिया स्वच्छ और स्वस्थ परिसर निर्माण का संकल्प

# स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत कन्या छात्रावास में स्वच्छता अभियान

नवभारत न्यूज

**खरगोन, निप्र ।** शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, खरगोन में स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत कन्या छात्रावास में स्वच्छ एवं स्वस्थ परिसर निर्माण के उद्देश्य से व्यापक स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जी. एस. चौहान के मार्गदर्शन एवं अध्यक्षता में महिला सशक्तिकरण समिति के तत्वावधान में संपन्न हुआ। स्वच्छता अभियान के दौरान छात्राओं ने उत्साह एवं जिम्मेदारी के साथ छात्रावास परिसर, कक्षों, गलियारों एवं आसपास के क्षेत्रों की साफ-सफाई की। साथ ही व्यक्तिगत एवं सामुदायिक स्वच्छता के महत्व पर संदेश देते हुए स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का आह्वान किया। छात्राओं ने स्वच्छता को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने का संकल्प भी लिया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. जी. एस. चौहान ने अपने






उद्बोधन में कहा कि स्वच्छता केवल एक आदत नहीं, बल्कि स्वस्थ एवं सभ्य समाज की पहचान है। उन्होंने विद्यार्थियों से निरंतर स्वच्छता बनाए रखने में सक्रिय योगदान देने की अपील की। छात्रावास प्रभारी डॉ. ललिता बर्गे ने स्वच्छ वातावरण को स्वस्थ जीवन की आधारशिला बताते हुए नियमित सफाई की आवश्यकता पर बल दिया। वहीं सहसंयोजक सुश्री प्रणिता गुप्ता ने छात्राओं को स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में स्वच्छता के प्रति जागरूकता विकसित करना, सामूहिक उत्तरदायित्व की भावना को सुदृढ़ करना तथा महाविद्यालय परिसर को स्वच्छ, सुंदर एवं स्वस्थ बनाए रखने के लिए प्रेरित करना रहा। छात्रावास की छात्राएं टीना सोलंकी, क्रीति यादव, दीपिका जमरे, वैष्णवी केवट एवं नंदिनी कोगे के सक्रिय सहयोग से यह स्वच्छता अभियान सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# नशामुक्त भारत अभियान को मिली नई ऊर्जा



**खरगोन, निप्र ।** म.प्र. जल एवं भूमि प्रबंध संस्थान वाल्मी, वाल्मी हिल्स, भोपाल तथा आयुक्त सामाजिक न्याय, म.प्र., भोपाल से प्राप्त निर्देशानुसार नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत एकदिवसीय नशामुक्ति जन - जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 08 जून 2026 को किया गया। कार्यक्रम में राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर श्री रजत एवं श्री जयकुमार गुप्ता (वाल्मी) द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण सत्र में संयुक्त कलेक्टर श्रीमती हेमलता सोलंकी उपस्थिति रही। साथ ही धार्मिक संस्थाओं की सहभागिता के रूप में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी की दीदी, गायत्री परिवार तथा जिले के समस्त विभागों से कुल 106 मास्टर वालंटियर्स उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान नशामुक्ति के उद्देश्य, समाज में इसके दुष्परिणामों तथा जन-जागरूकता की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। प्रशिक्षण उपरांत अतिथियों द्वारा प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।